कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री शुभम शर्मा, निवासी शिक्षक कॉलोनी, दौसा जिला दौसा राज0 303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा

अपील संख्या 10/2025

निर्णय

दिनांक 17.02.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार दौसा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2025/296 दिनांक 03.02.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा ने पत्र क्रमांकः आरटीआई/2025/102 ए दिनांक 10.2.2025 के द्वारा वस्तुस्थिति/वांछित सूचना अपीलांट को भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को भिजवाई गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Self Copy - Not Official
Signature Not Verified
Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 10:54:46 IST
Reason: SelfAttested